Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to accord approval to the proposed new railway line in Khargone Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh. -Laid

श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन):मेरा संसदीय क्षेत्र खरगौन (म0प्र0) जनजाति क्षेत्र है । दो जिले क्रमशः बड़वानी, खरगोन में देश की आजादी के 72 वर्षों बाद भी इस क्षेत्र में रेल को देखने और बैठने के लिए यहां के आदिवासियों के लिए आज भी सपना है । बडवानी व खंडवा आकांक्षी जिले हैं । यहां पर 2010 में खंडवा से वाया खरगोन वाया बडवानी घाट होती हुई नवीन रेल लाइन सर्वे होकर प्रस्तावित है । इस पिछड़े आकांक्षी जिले को विकसित करने से यहां के कृषक अपनी फसल बेच सकेंगे, जनजाति पलायन रोकने हेतु उद्योग धंधों को विकसित एवं सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध होगा ।

घाट में अल्ट्राइटेक सीमेंट की फैक्ट्री है एवं धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बड़वानी में बावनगजा, खरगोन पापगीरी धाम एवं घाट में मोहनखेडा, बाग की गुफाएं आदि स्थानों पर पर्यटकों को सुविधा प्राप्त होगी । कृपया इस प्रस्तावित रेल लाइन को शीघ्र स्वीकृत करें । जिससे लाखों आदिवासियों का सपना साकार हो ।